नीलामी सूचना

कार्यालय जनपद न्यायाधीश (नजारत अनुभाग), जनपद प्रतापगढ़।

जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ में विभिन्न न्यायालयों से पेपर श्रेडर मशीन के द्वारा निकले कटिंग पेपर (रद्दी कागज) एवं लिफ्ट से निष्कासित 12 अदद छोटी खराब बैटरी की नीलामी हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त सामग्री की नीलामी हेतु कोटेशन दिनांक 26.09.2025, दिन शुक्रवार को समय 04.30 बजे अपराह्न जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ में नीलामी समिति के द्वारा खोली जायेगी।

वे पंजीकृत ठेकेदार, जिन्हें नीलामी में भाग लेना हो, दिनांक 26.09.2025 को अपराह्न 04.00 बजे तक अपने कोटेशन जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ के नजारत अनुभाग में जमा करके प्रतिभाग कर सकते हैं।

शर्तें एवं प्रतिबन्ध

1. सर्वाधिक मूल्य का कोटेशन दाखिल करने वाले ठेकेदार/फर्म को रू0 500/– की धनराशि तुरन्त जमा करनी होगी तथा दिनांक 27.09.2025 को अपराह्न 04.00 बजे से पूर्व रद्दी कागज की तौल के उपरान्त शेष धनराशि जमा करके उसे प्राप्त कर लेनी होगी।

2. माननीय जनपद न्यायाधीश, प्रतापगढ़ उचित बोली का कोटेशन न होने पर नीलाम की तिथि बढ़ा सकते हैं अथवा बिना कारण बताये हुए रद्द कर सकते हैं या कोई अन्य आदेश पारित कर सकते हैं।

ह0
(अंकिता दुबे)
सदस्य
विशेष न्यायाधीश (ई0सी0 एक्ट)
प्रतापगढ़।

ह0
(अजय कुमार– I)
सदस्य
विशेष न्यायाधीश (एस0सी0/एस0टी0 एक्ट)
प्रतापगढ़।

ह0
(बाबूराम)
अध्यक्ष, नीलामी कमेटी
अपर जिला जज, कक्ष सं0 01
प्रतापगढ़।

प्रतिलिपि जिला न्यायालय प्रतापगढ़ की वेब साइट, बस स्टेशन, रेलवे स्टेशन, तहसील प्रांगण, दीवानी न्यायालय के मेन गेट पर, बाजार में, नजारत कुण्डा एवं नजारत प्रतापगढ़, जिलाधिकारी, प्रतापगढ़ कार्यालय व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर में सूचनार्थ चस्पा की जाए तथा निःशुल्क प्रकाशन हेतु अखबार को भेजी जाए।